# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. लिटिल अंडमान में 'लिटिल अंडमान प्रो–2026' नामक राष्ट्र स्तरीय सर्फिंग चैंपियनशिप आज से शुरू।
2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग ने टीबी मुक्त भारत ऐप लॉन्च किया।
3. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती की है।
4. धनीखाड़ी बांध सहित प्रमुख जल स्रोतों में जल स्तर की गिरावट को देखते हुए प्रशासन ने नागरिकों से पानी की बर्बादी रोकने अपील की है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से पहली बार लिटिल अंडमान में आज से 'लिटिल अंडमान प्रो–2026' नामक राष्ट्र स्तरीय सर्फिंग चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। भारतीय सर्फिंग फेडरेशन के सहयोग से यह चार दिवसीय चैंपियनशिप 12 अप्रैल तक बटलर बे बीच पर चलेगा। इस दौरान 'ओपन सर्फिंग शॉर्टबोर्ड' और 'ओपन स्टैंड–अप पैडलबोर्ड' श्रेणियों में पुरुष और महिला वर्ग के लिए प्रतियोगिता रखी गई है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग ने टीबी मुक्त भारत ऐप लॉन्च किया। यह राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य टीबी देखभाल को मजबूत करना, जन जागरूकता बढ़ाना और टीबी उन्मूलन प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। यह ऐप टीबी मरीजों को उनके उपचार के दौरान मार्गदर्शन, दवा सेवन में सहायता और फॉलो–अप सहायता प्रदान करता है। निर्बाध सेवाओं के लिए इसे मौजूदा 'निक्षय' प्रणाली के साथ जोड़ा गया है। इस के माध्यम से आम जनता, संस्थान, कॉर्पोरेट और संगठन निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं। यह एक एआई–आधारित चैटबॉट है। सरकार ने आम जनता से ऐप डाउनलोड करने की अपील की है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर संस्थान प्रौद्योगिकी में चल रहे पांच दिवसीय आईडीई बूटकैंप के कल तीसरे दिन प्रोटोटाइप से बिजनेस तक विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कल के सत्र में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के इनोवेशन ऑफिसर, सारिम मोइन और वाधवानी फाउंडेशन की डिजाइन थिंकिंग एक्सपर्ट, अंबुमथी के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को प्रोटोटाइपिंग और व्यावसायिक रणनीति के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को अपने विचारों को एक मजबूत व्यावसायिक ढांचे में बदलने के लिए लीन कैनवस मॉडल के बारे में भी बताया गया। इसके अंतर्गत वैल्यू प्रपोजिशन, कस्टमर सेगमेंट्स, राजस्व धाराएं, लागत संरचना और अनफेयर एडवांटेज को शामिल किया गया। इस दौरान छात्रों को बर्ड लाइन स्थित विभिन्न इकाइयों का दौरा कराया गया।

<><><><><><><>

पुलिस मरीन बल, पुलिस थाना रंगत और मत्स्य विभाग की ओर से मछुआरों के साथ फिशरमेन वॉच ग्रुप की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभाग ने मछुआरों को अपने साथ वैध दस्तावेज, जहाजों पर आवश्यक सुरक्षा उपकरण, डिस्ट्रेस अलर्ट ट्रांसमीटर रखने की आवश्यकता और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत अधिकारियों को देने की सलाह दी इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित मछली पकड़ने की प्रथाओं को बढ़ावा देना और तटीय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाना है।

<><><><><><><>

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए राहत उपायों की घोषणा की है। इसके तहत लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और तीन महीने तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य भारतीय एयरलाइंस पर बढ़ते परिचालन खर्च के दबाव को कम करना और वैश्विक ईंधन कीमतों में वृद्धि के बावजूद यात्रियों के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाए रखना है।

<><><><><><><>

धनीखाड़ी बांध सहित प्रमुख जल स्रोतों में जल स्तर की गिरावट को देखते हुए प्रशासन ने नागरिकों से पानी की बर्बादी से बचने और दैनिक गतिविधियों में जल–बचत के उपाय अपनाने की अपील की है। जल आपूर्ति प्रणाली में किसी भी प्रकार के रिसाव या बर्बादी की सूचना तुरंत अंडमान लोक निर्माण विभाग और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद को देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

बम्बूफ्लाट में पेड़ों की कटाई और बिजली से संबंधित कार्य किए जाने के कारण 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान बिजली आपूर्ति वैकल्पिक टाई लाइनों के माध्यम से जारी रहेगी, जिससे श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए विभाग से संपर्क करने को कहा है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से कल जिला अस्पताल, गाराचरमा में विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, नर्सिंग और चिकित्सा कर्मचारियों के साथ–साथ आम जनता ने भी भाग लिया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग और कंपोजिट रीजनल सेंटर के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को दिव्यांगता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। पुनर्वास अधिकारी ने दिव्यांगता के प्रकारों, UDID कार्ड की श्रेणियों और दिव्यांगता प्रमाणन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। दिव्यांगता प्रभारी ने दिव्यांग जनों के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं और लाभों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य UDID योजना के तहत पंजीकरण को बढ़ावा देना था।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में हाल ही में "नशा निषेध जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कानूनी परिणाम, स्वास्थ्य जोखिम और सामाजिक जिम्मेदारी के पहलुओं पर युवाओं को जानकारी देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षणिक संस्थान चरित्र निर्माण की नींव हैं। उन्होंने युवाओं से अपने करियर लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आग्रह किया। इससे पहले, एंटी–ड्रग स्क्वाड के अध्यक्ष डॉ. जे. आर. चौधरी ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इसे नशामुक्त परिसर सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों पर जानकारी दी। तकनीकी सत्र के दौरान वक्ताओं ने नशे की समस्या पर चर्चा की। एंटी–नारकोटिक्स यूनिट के सहायक उप–निरीक्षक सूर्य नारायण ने मादक पदार्थों से जुड़े कानूनी परिणामों पर प्रकाश डाला। छात्रों के लिए संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

# <u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द्वीपसमूह में साहसिक पर्यटन एवं महासागरीय खेलों के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखने की ओर से अग्रसर सुर्खी के साथ **द डेली टेलीग्राम्स** और द्वीप समाचार ने लिटिल अंडमान में पहली बार आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सर्फिंग चैम्पियनशिप के समाचार को अपनी बड़ी हेडलाइन बनाते हुए प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त भारत ऐप लॉन्च करने के समाचार को भी अपने अखबार में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने टीएसजी भास्कर द्वारा हवाई किराए में राहत की मांग करने के समाचार को प्रमुखता दी है। **द इको ऑफ इंडिया** ने सांसद के ग्रेट निकोबार के पुराने गांवों के लिए सरल नियमों की मांग करने और रणनीतिक क्षेत्रों के लिए नियोजित विकास का समर्थन करने के समाचार को अपनी पहली खबर बनाई है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने सांसद बिष्णु पद रे के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष द्वीपसमूह का मुद्दा उठाने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**